वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 20 फरवरी 2023

-:शोक संदेश:-

गुजरात के पूर्व राज्यपाल व अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. ओम प्रकाश कोहली जी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति: अभाविप।

अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व गुजरात के पूर्व राज्यपाल श्री ओम प्रकाश कोहली जी के निधन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गहरा शोक व्यक्त करती है, उनका निधन संपूर्ण समाज के लिए क्षति है। उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा क्षेत्र तथा समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के निमित्त महत्वपूर्ण प्रयास किए।

श्री ओम प्रकाश कोहली जी ने छात्र नेता, प्राध्यापक, शिक्षक नेता, राज्यसभा सांसद तथा गुजरात के राज्यपाल आदि जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन करते हुए, देश के युवाओं का मार्गदर्शन किया। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में श्री ओपी कोहली जी लाखों अभाविप कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे।

श्री ओम प्रकाश कोहली जी के निधन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल अकांत सहित सभी अभाविप कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। उनका निधन अभाविप के कार्यकर्ताओं सहित पूरे समाज के अपूरणीय क्षति है।

(यह शोक संदेश केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी किया गया है।)